Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 352 रायपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

भाजपा–शिवसेना गठबंधन को बढ़त नागपुर–ठाणे में विपक्ष का सूपड़ा साफ

नई दिल्ली, 16 जनवरी (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव के शुरुआती रुझानों में भाजपा-शिवसेना गठबंधन की भारी बढ़त दिख रही है, जो एक स्पष्ट 'लहर' का संकेत है। बीएमसी, नागपुर और पुणे सहित प्रमुख शहरी केंद्रों में महायुति बड़ी जीत की ओर अग्रसर है, जबकि महाविकास अघाड़ी के दल काफी पीछे चल रहे हैं।

शुक्रवार को बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों में मतगणना के शुरुआती रुझानों के अनुसार, भाजपा-शिव सेना महायुति गठबंधन 118 वार्डों में आगे चल रहा है, जबकि शिवसेना (यूबीटी) और एमएनएस गठबंधन 57 वार्डों में पिछड़ रहे हैं। इनमें से यूबीटी गठबंधन की शिवसेना 70, एमएनएस की 8 और एनसीपी-एसपी की 1 सीट पर बढ़त बनाए हुए है। मतगणना के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, कांग्रेस 03 वार्डों में और अजीत पवार के एनसीपी गुट को बढ़त मिली है। बीएमसी चुनाव परिणामों में अब तक भाजपा के नवनाथ बन ने वार्ड संख्या 135 जीता है, जबकि शिवसेना (शिंदे) की वर्षा तेंबावलकर ने वार्ड 51 में एनसीपी-एसपी उम्मीदवार को हराया है। शिवसेना

बीएमसी चुनाव परिणाम रुझान दोपहर 2 बजे तक

(शिंदे) की रेखा राम यादव ने वार्ड 1 जीता है, जबकि कांग्रेस की शीतल म्हात्रे दूसरे स्थान पर रहीं। शुरुआती रुझानों के मुताबिक, नागपुर नगर निगम चुनाव में भाजपा मुख्यमंत्री के गृह नगर में सुनामी की तरह जीत हासिल करने की स्थिति में है, जो 151 में से 88 सीटों पर आगे है, जबकि कांग्रेस 22 सीटों पर आगे है। पुणे नगर निगम (पीएमसी) में भाजपा ने पवार परिवार को पछाड़ते हुए 165 में से 55 सीटों पर बढ़त बना ली है, जबकि एनसीपी के दोनों गुट 6 सीटों पर और कांग्रेस-यूबीटी गठबंधन 4 सीटों पर आगे हैं। ठाणे नगर निगम में, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गृह क्षेत्र में, भाजपा 131 वार्डों में से 24 में आगे चल रही है, जबकि एनसीपी 4 और यूबीटी-एमएनएस-एनसीपी (एसपी) 5 वार्डों में आगे हैं। नासिक में, रुझानों के अनुसार भाजपा 122 सीटों में से 12 में, एमवीए-एमएनएस 9 में और एसएस-एनसीपी 11 में आगे हैं। शंभिनगर में, प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, भाजपा 115 सीटों में से 18 में, शिवसेना 11 में, यूबीटी सेना 7 में, वंचित बहुजन अघाड़ी 1 में, कांग्रेस-एनसीपी (एसपी) 5 में और एनसीपी 2 में आगे हैं। इस बीच, राज्य चुनाव आयुक्त (एसईसी) द्वारा आज जारी आंकड़ों के अनुसार, हाल ही में संपन्न बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव में 52.94 प्रतिशत मतदान हुआ। भारत के सबसे धनी नगर निगमों के चुनाव, जो गुरुवार को संपन्न हुए, शिवसेना (यूबीटी)-एमएनएस गठबंधन द्वारा लगाए गए आरोपों से प्रभावित हुए, जिन्हें बाद में एसईसी ने खारिज कर दिया।

हाईवा ने बाइक सवारों को रौंदा पिता-पुत्र समेत 3 की मौके पर मौत

रायपुर/आरंग, 16 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के नेशनल हाईवे 53 में हाईवा मौत बनकर दौड़ी है. हाइवा ने बाइक को सामने से टक्कर मारी, जिससे पिता-पुत्र समेत 3 लोग चक्के के नीचे आ गए. भारी वाहन ने उन्हें कुछ दूर तक घसीटा. सड़क पर शवों के टुकड़े बिखर गए हैं. यह दर्दनाक हादसा शुक्रवार की सुबह आरंग थाना इलाके के पारागांव में हुई है।

नेशनल हाईवे में दर्दनाक सड़क हादसा

जानकारी के मुताबिक, पारागांव में प्लेटिना पर तीनों आज एक साथ बाइक से महानदी में मछली पकड़ने के लिए जा रहे थे. इसी दौरान मूरूम से भरे हाइवा ने विपरित दिशा से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. बाइक सवार चक्के के नीचे आ गए. हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई. इन्में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई है. मृतकों की पहचान, मंगलू जलक्षत्री (28 साल), उसके बेटे तिलक जलक्षत्री (6 साल) और श्रवण जलक्षत्री (40 साल) के रूप में हुई है। सभी मृतक आरंग के बागेश्वर पारा के निवासी बताए जा रहे हैं. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. हालांकि इससे पहले ही वाहन चालक मौके से फरार हो गया.

ब्रेकिंग न्यूज

सड़क ठेकेदार के ठिकानों पर पहुंचे आईटी अधिकारी, दस्तावेजों की जांच जारी

बिलासपुर, 16 जनवरी (हाईवे चैनल)। सड़क ठेकेदार बीआर गोयल के बिलासपुर, इंदौर समेत अलग-अलग ठिकानों पर शुक्रवार सुबह आयकर विभाग का छापा पड़ा है. पारघाट टोल प्लाजा के दफ्तर में 3 गाड़ियों में अधिकारियों की टीम पहुंची है. मौके पर दस्तावेजों की जांच जारी है. साथ ही मौजूद कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

बिरादरी की बात

चूहा- सुनती हो, वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिमा माचाडो ने अपनो नोबेल पुरस्कार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भेंट कर दिया।
चुहिया- हां जी, ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार की तड़प है, नहीं देंगी तो इनको भी उठा ले जाएगा?

मोक्षित कार्पोरेशन के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा को ईडी ने किया गिरफ्तार

रायपुर, 16 जनवरी (हाईवे चैनल)। सीजीएमएससी में 660 करोड़ रुपए के रीएजेंट घोटाला के आरोप में जेल में बंद मोक्षित कार्पोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा को ईडी ने प्रोटेक्शन वारंट में कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने 19 जनवरी तक पुलिस रिमांड हासिल की है. उल्लेखनीय है कि रीएजेंट घोटाले की जांच ईओडब्लू के साथ ईडी भी कर रही है. ईडी ने अपने प्रकरण में शशांक चोपड़ा को पहली बार गिरफ्तार किया है. शशांक ईओडब्लू के प्रकरण में जेल में बंद है. शशांक चोपड़ा सीजीएमएससी घोटाले का मास्टरमाइंड है।

कोर्ट से 19 जनवरी तक मिली रिमांड

इसके पूर्व ईडी ने अरबों के घोटाले में पीएमएलए दर्ज करने के बाद 30-31 जुलाई को मोक्षित कार्पोरेशन के डायरेक्टर में शामिल अधिकारियों के 20 ठिकानों की तलाशी ली थी. अगस्त में ईडी ने शशांक चोपड़ा तथा उसके रिश्तेदारों की 40 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की चल-अचल संपत्ति अटैच की है। अगस्त में की गई कार्रवाई के बाद ईडी ने अब शशांक चोपड़ा से नए सिरे से पूछताछ करने कोर्ट से रिमांड हासिल की है. ऐसे में घोटाला में शामिल अन्य आरोपियों के खिलाफ ईडी आने वाले दिनों में शिकंजा कस सकती है।

कुम्हारी टोल प्लाजा जून 26 से होगा पूरी तरह बंद

रायपुर, 16 जनवरी (हाईवे चैनल)। एनएचएआई, स्टेट हाईवे, लोनिवि, एनएच के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने घोषणा की कि जून 2026 में कुम्हारी टोल प्लाजा पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। इससे लाखों नागरिकों को वर्षों पुरानी परेशानी से स्थायी राहत मिलेगी। सांसद अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि जून में दुर्ग-आरंग बायपास के प्रारंभ होते ही कुम्हारी टोल प्लाजा बंद होगा, साथ ही मार्च 2026 के बाद किसी भी नए टेंडर पर रोक लगाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए हैं। बैठक में उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2026 से भारतमाला एक्सप्रेस-वे के शुभारंभ के साथ रायपुर को एक नए आधुनिक एक्सप्रेस-वे की सौगात मिलेगी, जिससे न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि औद्योगिक, आर्थिक और क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिलेगी।

सड़क, ओवरब्रिज और एक्सप्रेस-वे की बड़ी योजना

बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में सड़क, ओवरब्रिज, अंडरपास और एलिवेटेड रोड जैसी बुनियादी परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। कचना में निर्माणाधीन ओवरब्रिज का कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश तेलीबांधा से जोरा ओवरब्रिज को वीआईपी रोड से एंट्री-एग्जिट देने की योजना और भनपुरी से जोरा तक रेल लाइन के किनारे एलिवेटेड रोड का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेस-वे का रायपुर विस्तार एवं रायपुर से लखनादौन (वाया सिमगा, कवर्धा) तक नई कनेक्टिविटी पर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए, साथ ही रायपुर-बलौदाबाजार-सारंगढ़ रोड के उन्नयन की समीक्षा की गई। इसके साथ ही वीआईपी चौक और रिंग रोड पर जाम की समस्या को देखते हुए सर्विस रोड हटाने के निर्देश कमल विहार सहित अन्य क्षेत्रों में ग्रेड सेपरेटर बनाने को कहा गया और रिंग रोड़ 1 पर डीडीयू नगर के पास अंडरपास बनाने और महावीर नगर से वीआईपी रोड अमलीडीह तालाब के ऊपर पुल बनाने की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इस बैठक में पंडरी में लगने वाले जाम से जनता को राहत दिलाने के लिए खालसा कॉलेज से मोवा तक 4.5 किमी लंबे पुल और अमलेश्वर से कुम्हारी तक खारुन नदी किनारे सड़क जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, बलौदाबाजार में सीमेंट फैक्ट्रियों से जुड़े भारी वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने हेतु डेडीकेटेड कॉरिडोर की योजना बनाने के निर्देश भी दिए गए। इस बैठक में एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर दिग्विजय सिंह, लोनिवि प्रमुख अभियंता वी.के. भतपैहरी, कार्यपालन अभियंता राजीव नशीने, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के संयुक्त निदेशक विनीत नायर, राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिशाषी अभियंता एस.एस. मांझी, कार्यपालन अभियंता गोविंद अहिरवार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कार सवार युवकों ने किया युवती का अपहरण 4 आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर, 16 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले में युवती के अपहरण का मामला सामने आया है। कार सवार युवकों ने घटना को अंजाम दिया है। पूरी घटना इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका फुटेज अब सामने आया है। पूरा मामला गांधीनगर थाना क्षेत्र का है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अपहरण में शामिल कार सवार चार युवकों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने आरोपियों को एमसीबी जिले से पकड़ा है। साथ ही अपहृत युवती को भी सकुशल बरामद कर लिया गया है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार युवती का अपहरण गांधीनगर थाना क्षेत्र से किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच तेज कर दी है। आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद पूरे घटनाक्रम का खुलासा जल्द किया जाएगा। घटना के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर भी पुलिस सबूत जुटा रही है।